# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

**जवाहर लाल नेहरू मार्ग**

क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक / परीक्षा–2016 / 15277–15376 दिनांकः 24.11.2015

## मुख्य परीक्षा 2016 के परीक्षा फार्म भरवाने सम्बन्धी विज्ञप्ति

राजस्थान विश्वविद्यालय से सम्बद्ध जयपुर एवं दौसा जिलों के समस्त परीक्षार्थी तथा अलवर, भरतपुर, धौलपुर, झुन्झुनू एवं सीकर जिले के स्नातक पार्ट– II / III एवं स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध की मुख्य परीक्षा–2016 एवं बी.बी.ए. सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर–2015 के परीक्षा आवेदन पत्र वेबसाइट www.unirajexam.in से भरने हेतु निम्नानुसार कार्यक्रम घोषित किया जाता हैः–

(I) बी.ए., बी.एस.सी. एवं बी.कॉम (पास कोर्स), नियमित, पूर्वछात्र एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिये आवेदन पत्र भरने की तिथियॉं निम्नानुसार हैः–

**बिना विलम्ब शुल्क – 27.11.2015 से 06.12.2015 तक**

**विलम्ब शुल्क रू. 100 /– सहित – 07.12.2015 से 11.12.2015 तक**

(II) बी.ए. / बी.एस.सी. (एडिशनल), बी.ए., बी.एस.सी. एवं बी.कॉम (ऑनर्स), बी.एस.सी. (होम साईंस, बायोटेक), बी.बी.ए. पार्ट– I (वार्षिक पद्धति), बी.सी.ए., एड–ऑन कोर्सेज तथा मॉडर्न यूरोपियन लेंग्वेजेज (सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, पोस्ट डिप्लोमा) तथा बी.पी.ए. / विज्यूअल आर्टस् / बी.म्यूजिक, परीक्षा–2016 एवं बी.बी.ए. सेमेस्टर – I (ड्यू पेपर), बी.बी.ए. सेमेस्टर– III, V (मुख्य एवं ड्यू) परीक्षा दिसम्बर–2015 परीक्षाओं हेतु आवेदन पत्र भरने की तिथियॉं निम्नानुसार हैः–

**बिना विलम्ब शुल्क – 29.11.2015 से 08.12.2015 तक**

**विलम्ब शुल्क रू. 100 /– सहित – 09.12.2015 से 13.12.2015 तक**

(III) समस्त स्नातकोत्तर (प्रीवियस एवं फाईनल–वार्षिक पद्धति) नियमित, पूर्वछात्र एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी समस्त एकवर्षीय सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नात्तक पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान / डी.सी.डब्ल्यू.ए. (पार्ट– II / III), एम.आई.बी. / एम.एच.आर.एम. (पार्ट– I / II), बी.पी.एड़, डिप्लोमा परीक्षार्थियों के लिये आवेदन पत्र भरने की तिथियॉं निम्नानुसार हैः–

**बिना विलम्ब शुल्क – 02.12.2015 से 11.12.2015 तक**

**विलम्ब शुल्क रू. 100 /– सहित – 12.12.2015 से 16.12.2015 तक**

नोटः 1 **परीक्षा फॉर्म भरने की तिथियॉं आगे नहीं बढाई जायेंगी।**

2 अलवर, भरतपुर, धौलपुर, झुन्झुनू एवं सीकर जिलें के स्नातक पार्ट–प्रथम एवं स्नातकोत्तर (प्रीवियस) में पूर्व में राजस्थान विश्वविद्यालय में प्रविष्ट हो चुके परीक्षार्थियों की व्यवस्था निम्नानुसार हैः–

(I) पूर्व वर्ष की स्नातक पार्ट–प्रथम एवं स्नातकोत्तर (प्रीवियस) परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए नियमित परीक्षार्थी, पूर्व छात्र के रूप में राजस्थान विश्वविद्यालय से ही परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे, जबकि अनुत्तीर्ण स्वयंपाठी परीक्षार्थी नवीन विश्वविद्यालय से परीक्षा देंगे।

(II) विश्वविद्यालय अधिनियम–153–बी के अन्तर्गत तीन साल के अन्तराल में पार्ट–प्रथम उत्तीर्ण नियमित / स्वयंपाठी छात्र यदि अगले तीन वर्ष में पार्ट– II की परीक्षा में सम्मिलित नहीं होते हैं तो वे पुनः पार्ट–प्रथम की परीक्षा अपने नवीन विश्वविद्यालय से देंगे।

(III) विश्वविद्यालय अधिनियम 169–ई के तहत (स्नातक पार्ट–प्रथम एवं स्नातकोत्तर (प्रीवियस) परीक्षा–2015 में उत्तीर्ण) अंक सुधार हेतु पुनः पार्ट–प्रथम एवं स्नातकोत्तर (प्रीवियस) परीक्षा–2016 में प्रविष्ट होने वाले नियमित एवं स्वयंपाठी छात्र राजस्थान विश्वविद्यालय से परीक्षा देंगे।

(IV) सातों जिलों के बी.ए. / बी.एस.सी. एडीशनल के परीक्षार्थी राजस्थान विश्वविद्यालय से परीक्षा देंगे।

3 परीक्षा फॉर्म भरने सम्बन्धी जानकारी के लिए **टोल फ्री हेल्पलाईन नं. 18001025995 एवं मोबाईल नं. 9784145905, 7742823462** पर सम्पर्क करें।

परीक्षा आवेदन–पत्र भरने हेतु दिशा निर्देश, परीक्षा फीस का विवरण एवं नियमित / पूर्वछात्र / स्वयंपाठी परीक्षार्थियों हेतु महाविद्यालयों की सूची आदि की सूचना वेबसाइट **www.uniraj.ac.in** एवं **www.unirajexam.in** पर उपलब्ध है।

समस्त महाविद्यालयों, पी.जी. स्कूल्स एवं विश्वविद्यालय विभागों को वेबसाईट **www.unirajexam.in** पर अपने महाविद्यालय, संचालित कोर्स, विषयों, विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित सीटों आदि का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा, अन्यथा परीक्षा फार्म भरना संभव नहीं होगा।

Sd/–

**परीक्षा नियंत्रक**

क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक/परीक्षा–2016/15277–15376 दिनांकः 24.11.2015

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :–

1. (i) समस्त निदेशक, पी.जी. स्कूल्स एवं प्राचार्य, संघठक/सम्बद्ध महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करलें कि नियमित, पूर्वछात्र एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म सही है एवं दो प्रतियो में परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी वांछित दस्तावेजो के साथ संलग्न हैं। निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण दिशा निर्देश में अंकित है जो विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.uniraj.ac.in** एवं **www.unirajexam.in** पर उपलब्ध है। **विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार में कृपया परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय कोड़ अवश्यक रूप से अंकित करें।**

(ii) नियमित एवं पूर्व परीक्षार्थियों से प्राप्त शुल्क को प्राप्ति तिथि से दो कार्य दिवस के अन्दर महाविद्यालय अपने लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड के द्वारा चालान जनरेट कर उसका प्रिंट लेकर ICICI Bank की किसी भी ब्रांच में जमा कराऐं। यह राशि नकद अथवा चैक द्वारा जमा की जा सकती है। केवल धौलपुर जिले के महाविद्यालय चालान राशि विश्वविद्यालय के ICICI Bank के खाते में NEFT/RTGS द्वारा भी जमा करवा सकते हैं। NEFT/RTGS द्वारा धन राशि को जमा करने का विस्तृत विवरण वेबसाईट पर दिया गया है। अन्यथा विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

(iii) **सम्बन्धित महाविद्यालयों से परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय प्रतिनिधि द्वारा निम्न तिथियों में संकलित किये जायेंगेः–**

**अ.** **स्नातक एवं बी.बी.ए. सेमेस्टर** बिना विलम्ब शुल्क वाले परीक्षा फार्म – दिनांक 11.12.2015 को एवं

**ब.** स्नातकोत्तर एवं शेष परीक्षा फार्म – दिनांक 19.12.2015 को।

अतः महाविद्यालय में नियमित एवं पूर्व परीक्षार्थियों के संकलित परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी दो प्रतियों में मय दस्तावेज एवं विश्वविद्यालय खाते में जमा बैंक चालान की प्रति एवं स्वयंपाठी छात्रों के ई–मित्र पर जमा शुल्क की प्रति सहित कक्षा एवं संकाय वार सूची संलग्न कर अनिवार्य रूप से निर्धारित तिथियों में विश्वविद्यालय प्रतिनिधि को देने का श्रम करें। उसके पश्चात् परीक्षा फार्म अगले तीन कार्य दिवस में दिनांक 22.12.2015 तक महाविद्यालय को ही विश्वविद्यालय में जमा कराना होगा, जिसका यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

(iv) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा स्नात्तक एवं स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध कक्षाओं हेतु आवंटित सीटों के अनुसार ही नियमित छात्रों से फार्म भरवाए गए हैं, इस आशय का शपथ–पत्र संबंधित प्राचार्यो द्वारा परीक्षा फार्मो के साथ संलग्न करना होगा।

(v) **माननीय उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार नियमित छात्र/छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है, यह सम्बन्धित प्राचार्य एवं विश्वविद्यालय विमागाध्यक्ष सुनिश्चित कर लें।**

(vi) पूर्व की भांति केवल स्वयंपाठी छात्रों हेतु ही उनके परीक्षा फार्म अग्रेषण का शुल्क रू. 8/– प्रति छात्र संबंधित महाविद्यालयों को देय होगा।

(vii) सम्बन्धित महाविद्यालय, परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी उस कक्षा की पात्रता पूर्ण करता है तथा उसके परीक्षा आवेदन–पत्र की सम्पूर्ण प्रविष्टियाँ पूर्ण रूप से सही भरी जा चुकी हैं। यदि आवेदन–पत्र में किसी प्रकार की प्रविष्टि जैसे – परीक्षार्थी के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर, पूर्व में उत्तीर्ण किए गये अनिवार्य विषयों के नाम, प्राप्त अंकों का विवरण, पूर्व की परीक्षा के अनुक्रमांक अथवा परीक्षार्थी के नामांकन आदि नहीं पाये जाते हैं तो उन्हें परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण करवाने के पश्चात् ही परीक्षा आवेदन–पत्र निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर जमा करें। **ई–मित्र के द्वारा देय रसीद की फोटो प्रति के पीछे जमा कर्ता के हस्ताक्षर एवं महाविद्यालय की मोहर अंकित कर परीक्षार्थी को रसीद के रूप में प्रदान करें, छात्र इस रसीद को सबूत के तौर पर सुरक्षित रखें। महाविद्यालय द्वारा यह ध्यान रखा जाना है कि आवेदन–पत्र की कम्प्यूटर प्रति ऊपर रहे तथा उसके नीचे कार्यालय प्रति मय पूर्व में उत्तीर्ण आवश्यक अकंतालिकाएँ आदि संलग्न हो।** उपरोक्त कारणों से परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त होने की स्थिति में सम्बन्धित महाविद्यालय ही जिम्मेवार होगा।

2. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों की सूची को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
3. निदेशक, छात्र सेवा एवं परामर्श केन्द्र, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करें कि परीक्षा–2016 हेतु ई–मित्र द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क की राशि एवं महाविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालय के मुख्य बैंक खातों में जमा करवा दी गई है एवं जमा विवरण प्राप्त कर Reconcile करने का भी श्रम करें।
5. प्रबन्ध निदेशक, MD, RISL, राजस्थान सरकार, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि MOU की शर्तानुसार परीक्षा शुल्क राशि राजस्थान विश्वविद्यालय के खाते में T+2 दिवस में जमा होना सुनिश्चित करने का श्रम करें अन्यथा एम.ओ.यू. की शर्तानुसार ब्याज राशि 12 प्रतिशत की दर से देनी होगी। सम्बन्धित ई–मित्र/CSC कियोस्क को यह भी सुनिश्चित करावे कि एक बार परीक्षा शुल्क जमा होने के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में शुल्क वापस नहीं हो और ई–मित्र पर जमा शुल्क का टोकन निरस्त नहीं होना चाहिए।
6. सचिव, सूचना प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान सरकार, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर।
7. प्रबन्धक, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक, विश्वविद्यालय कैम्पस, जयपुर।
8. निजी सचिव, कुलपति/कुलसचिव/निजी सहायक, परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
9. समस्त उप–कुलसचिव/सहायक कुलसचिव/अनुभाग अधिकारी परीक्षा संचालन व गोपनीय अनुभाग/शैक्षणिक –द्वितीय/सेलर। व ।।, परीक्षा विविध, रिकार्ड शाखा, रोकड़ शाखा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
10. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार के जिलों में प्रसारित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका व दैनिक भास्कर) में एक बार प्रकाशित करवाने एवं समाचार के रूप में भी प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
11. सम्बन्धित कम्प्यूटर फर्म।

24/11/15

**उप कुलसचिव (परीक्षा)**

# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

**जवाहर लाल नेहरू मार्ग**

क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक/परीक्षा–2016/15377–15426 दिनांकः 24.11.2015

**मुख्य परीक्षा 2016 के लिए ऑनलाईन आवेदन-पत्र भरवाने सम्बन्धी**
**महाविद्यालय एवं परीक्षार्थियों को दिशा-निर्देश**

राजस्थान विश्वविद्यालय से सम्बद्ध जयपुर एवं दौसा जिलों के समस्त परीक्षार्थी तथा अलवर, भरतपुर, धौलपुर, झुन्झुनू एवं सीकर जिले के स्नातक पार्ट–II/III एवं स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध की मुख्य परीक्षा–2016 एवं बी.बी.ए. सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर–2015 के परीक्षा आवेदन पत्र वेबसाईट www.unirajexam.in से भरने हेतु निम्नानुसार कार्यक्रम घोषित किया जाता है:–

(I) बी.ए., बी.एस.सी. एवं बी.कॉम (पास कोर्स), नियमित, पूर्वछात्र एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिये आवेदन पत्र भरने की तिथियाँ निम्नानुसार है:–

**बिना विलम्ब शुल्क – 27.11.2015 से 06.12.2015 तक**
**विलम्ब शुल्क रू. 100/– सहित – 07.12.2015 से 11.12.2015 तक**

(II) बी.ए./बी.एस.सी. (एडिशनल), बी.ए., बी.एस.सी. एवं बी.कॉम (ऑनर्स), बी.एस.सी. (होम साईंस, बायोटेक), बी.बी.ए. पार्ट–I (वार्षिक पद्धति), बी.सी.ए., एड–ऑन कोर्सेज तथा मॉडर्न यूरोपियन लेंग्वेजेज (सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, पोस्ट डिप्लोमा) तथा बी.पी.ए./विज्यूअल आर्टस्/बी.म्यूजिक, परीक्षा–2016 एवं बी.बी.ए. सेमेस्टर –I (ड्यू पेपर), बी.बी.ए. सेमेस्टर–III, V (मुख्य एवं ड्यू) परीक्षा दिसम्बर–2015 परीक्षाओं हेतु आवेदन पत्र भरने की तिथियाँ निम्नानुसार है:–

**बिना विलम्ब शुल्क – 29.11.2015 से 08.12.2015 तक**
**विलम्ब शुल्क रू. 100/– सहित – 09.12.2015 से 13.12.2015 तक**

(III) समस्त स्नातकोत्तर (प्रीवियस एवं फाईनल–वार्षिक पद्धति) नियमित, पूर्वछात्र एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी समस्त एकवर्षीय सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नातक पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान/डी.सी.डब्ल्यू.ए. (पार्ट–II/III), एम.आई.बी./एम.एच.आर.एम. (पार्ट–I/II), बी.पी.एड़, डिप्लोमा परीक्षार्थियों के लिये आवेदन पत्र भरने की तिथियाँ निम्नानुसार है:–

**बिना विलम्ब शुल्क – 02.12.2015 से 11.12.2015 तक**
**विलम्ब शुल्क रू. 100/– सहित – 12.12.2015 से 16.12.2015 तक**

परीक्षा आवेदन–पत्र भरने हेतु दिशा निर्देश, परीक्षा फीस का विवरण एवं नियमित/ पूर्वछात्र/ स्वयंपाठी परीक्षार्थियों हेतु महाविद्यालयों की सूची आदि की सूचना वेबसाइट **www.uniraj.ac.in** एवं **www.unirajexam.in** पर उपलब्ध है।

समस्त महाविद्यालयों, पी.जी. स्कूल्स एवं विश्वविद्यालय विभागों को वेबसाईट **www.unirajexam.in** पर अपने महाविद्यालय, संचालित कोर्स, विषयों, विश्वविद्यालय द्वारा आवांटित सीटों आदि का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा, अन्यथा परीक्षा फार्म भरना संभव नहीं होगा। इसके लिये महाविद्यालयों को अपना लोगईन आईडी (कॉलेज कोड) एवं पासवर्ड (स्वयं द्वारा निर्मित) उक्त वेबसाईट पर बनाना अनिवार्य होगा।

**नोटः–** 1. **परीक्षा फॉर्म भरने की तिथियाँ आगे नहीं बढाई जायेंगी।**

2. अलवर, भरतपुर, धौलपुर, झुन्झुनू एवं सीकर जिलें के स्नातक पार्ट–प्रथम एवं स्नातकोत्तर (प्रीवियस) में पूर्व में राजस्थान विश्वविद्यालय में प्रविष्ट हो चुके परीक्षार्थियों की व्यवस्था निम्नानुसार है:–

(I) पूर्व वर्ष की स्नातक पार्ट–प्रथम एवं स्नातकोत्तर (प्रीवियस) परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए नियमित परीक्षार्थी, पूर्व छात्र के रूप में राजस्थान विश्वविद्यालय से ही परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे, जबकि अनुत्तीर्ण स्वयंपाठी परीक्षार्थी नवीन विश्वविद्यालय से परीक्षा देंगे।

(II) विश्वविद्यालय अधिनियम–153–बी के अन्तर्गत तीन साल के अन्तराल में पार्ट–प्रथम उत्तीर्ण नियमित/स्वयंपाठी छात्र यदि अगले तीन वर्ष में पार्ट–II की परीक्षा में सम्मिलित नहीं होते हैं तो वे पुनः पार्ट–प्रथम की परीक्षा अपने नवीन विश्वविद्यालय से देंगे।

(III) विश्वविद्यालय अधिनियम 169–ई के तहत (स्नातक पार्ट–प्रथम एवं स्नातकोत्तर (प्रीवियस) परीक्षा–2015 में उत्तीर्ण) अंक सुधार हेतु पुनः पार्ट–प्रथम एवं स्नातकोत्तर (प्रीवियस) परीक्षा–2016 में प्रविष्ट होने वाले नियमित एवं स्वयंपाठी छात्र राजस्थान विश्वविद्यालय से परीक्षा देंगे।

(IV) सातों जिलों के बी.ए./बी.एस.सी. एडीशनल के परीक्षार्थी राजस्थान विश्वविद्यालय से परीक्षा देंगे।

3. परीक्षा फॉर्म भरने सम्बन्धी जानकारी के लिए **टोल फ्री हेल्पलाईन नं. 18001025995 एवं मोबाईल नं. 9784145905, 7742823462** पर सम्पर्क करें।

**ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र डाउनलॉड करने सम्बन्धी दिशा–निर्देश :–**

1. **नियमित एवं पूर्व परीक्षार्थी :–**

(A) छात्र सर्वप्रथम वेबसाईट www.unirajexam.in पर visit कर अपनी कक्षा से सम्बन्धित पंजीकरण करवाकर ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म भरेंगे। स्नातक पार्ट–द्वितीय/तृतीय एवं स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध के परीक्षार्थी गत वर्ष की परीक्षा के अनुक्रमांक से परीक्षा फॉर्म भरेंगे। तत्पश्चात् दो प्रतियों में परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी का प्रिंट लेकर परीक्षा फॉर्म पर अंकित निर्धारित परीक्षा शुल्क मय आवश्यक दस्तावेजो, पूर्व में उत्तीर्ण परीक्षा की अंकतालिका आदि के साथ अगले दो कार्य दिवसों में सम्बन्धित महाविद्यालय में जमा करवायें।

(B) सम्बन्धित महाविद्यालय परीक्षार्थियों के फॉर्म की जॉच कर उनके परीक्षा फॉर्म पर अंकित फॉर्म नम्बर से उन्हें वेबसाईट www.unirajexam.in पर अपने लोगईन आईडी (कॉलेज कोड) एवं पासवर्ड से विजिट कर Verify बटन दबाकर दर्ज करेंगे। इसके बाद Verify किये गये परीक्षार्थियों का चालान जनरेट कर परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय के खाते में जमा करवाऐंगे। तत्पश्चात् महाविद्यालय Verify किये गये परीक्षार्थियों की सूची का दो प्रतियों में प्रिंट लेगें। सूची के क्रमानुसार संकाय एवं कक्षावार परीक्षा फॉर्मो को दस्तावेजो सहित संलग्न कर विश्वविद्यालय में प्रेषित करें।

(C) नियमित एवं पूर्व परीक्षार्थियों से प्राप्त शुल्क को प्राप्ति तिथि से दो कार्य दिवस के अन्दर महाविद्यालय अपने लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड के द्वारा चालान जनरेट कर उसका प्रिंट लेकर ICICI Bank की किसी भी ब्रांच में जमा कराऐं। यह राशि नकद अथवा चैक द्वारा जमा की जा सकती है। केवल धौलपुर जिले के महाविद्यालय चालान राशि विश्वविद्यालय के ICICI Bank के खाते में NEFT/RTGS द्वारा भी जमा करवा सकते हैं। NEFT/RTGS द्वारा धन राशि को जमा करने का विस्तृत विवरण वेबसाईट पर दिया गया है। अन्यथा विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

(D) **माननीय उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार नियमित छात्र/छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है, यह सम्बन्धित प्राचार्य एवं विश्वविद्यालय विभागाध्यक्ष सुनिश्चित कर लें।**

2. **स्वयंपाठी परीक्षार्थी :–**

(A) स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का निर्धारित परीक्षा शुल्क ई–मित्र/CSC कियोस्क के माध्यम से जमा होगा, परीक्षा शुल्क जमा करवाने का अतिरिक्त निर्धारित शुल्क रू. 5/– प्रति परीक्षार्थी द्वारा ई–मित्र/CSC कियोस्क को अदा करना होगा। परीक्षा शुल्क एवं परीक्षा फार्म की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी।

(अ) छात्र सर्वप्रथम वेबसाईट www.unirajexam.in पर visit कर अपनी कक्षा से सम्बन्धित पंजीकरण करवाकर ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म भरेंगे। स्नातक पार्ट–द्वितीय/तृतीय एवं स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध के परीक्षार्थी गत वर्ष की परीक्षा के अनुक्रमांक से परीक्षा फॉर्म भरेंगे।

(ब) निर्धारित शुल्क के चालान का प्रिंट लेकर ई–मित्र पर शुल्क जमा करवायें। पुनः वेबाईट **www.unirajexam.in** पर लॉगईन कर चालान पर अंकित परीक्षा फार्म नं. व जन्म तिथि अंकित करके अपने परीक्षा फार्म का दो प्रतियों में प्रिंट लें।

(स) स्वयंपाठी परीक्षार्थी ई–मित्र/CSC कियोस्क पर परीक्षा शुल्क नकद जमा करवा सकते हैं अथवा क्रेडिट, डेबिट कार्ड एवं नेट बैंकिंग के माध्यम से भी परीक्षा शुल्क उनकी वेबसाईट **www.emitra.gov.in** पर जमा करवा सकते हैं।

(द) ई–मित्र पर एक बार परीक्षा शुल्क जमा होने के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में शुल्क वापस नहीं होगा और ई–मित्र पर जमा शुल्क का टोकन निरस्त नहीं होगा। सम्बन्धित ई–मित्र/CSC कियोस्क भी यह सुनिश्चित करलें।

(य) आवेदन कर्ता चाहे तो अपना परीक्षा फार्म ई–मित्र/CSC कियोस्क के माध्यम से भी ऑनलाईन भरवा सकते हैं। इसके लिए सम्बन्धित कियोस्क को उनका निर्धारित शुल्क रूपये 20/– प्रति परीक्षा फॉर्म एवं वेब केमरा से फोटो अपलोड कराने का निर्धारित शुल्क रूपये 5/– परीक्षार्थी द्वारा अलग से देना होगा।

(र) **स्वयंपाठी छात्रों द्वारा ई–मित्र के अलावा अन्य किसी माध्यम (जैसे नकद/बैंक ड्राफ्ट/चैक/पोस्टल ऑर्डर आदि) के द्वारा जमा कराया गया परीक्षा शुल्क किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होगा।**

(B) **ई–मित्र हेल्प लाईन नं., टोल फ्री नम्बर – 18001806127, मोबाईल नं.– 9571999942, ई–मेल आईडी – emitra.support@gmail.com**

(C) **स्वयंपाठी परीक्षार्थी ई–मित्र पर जमा शुल्क की रसीद की मूल प्रति को परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी की दो प्रतियों के साथ संलग्न कर अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित शुल्क जमा कराने की तिथि से अगले दो कार्य दिवस तक सम्बन्धित महाविद्यालय में जमा करावें।**

(D) सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा प्राप्त स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म की जॉच कर उनके परीक्षा फॉर्म पर अंकित फॉर्म नम्बर से उन्हें वेबसाईट www.unirajexam.in पर अपने लोगईन आईडी (कॉलेज कोड) एवं पासवर्ड से विजिट कर Verify बटन दबाकर दर्ज करेंगे, कक्षा एवं संकायवार परीक्षार्थियों की सूची का दो प्रतियों में प्रिंट लेकर परीक्षा फॉर्मो की हार्ड कॉपी मय दस्तावेज के सूची के क्रमानुसार संलग्न कर विश्वविद्यालय को प्रेषित करेंगे।

(E) **जयपुर शहर के स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी जमा कराने की सुविधा विश्वविद्यालय छात्र सेवा एवं सूचना केन्द्र पर भी उपलब्ध रहेगी। यह केन्द्र राजपत्रित अवकाश के अलावा अन्य अवकाश पर खुला रहेगा।**

3. परीक्षार्थी ध्यान रखे कि विश्वविद्यालय में डाक द्वारा प्राप्त परीक्षा फार्मो पर विचार नहीं किया जाएगा। अतः ऐसे परीक्षा फार्म स्वतः ही निरस्त समझे जाऐगें।

4. **स्नातक पार्ट–प्रथम एवं पी.जी. पूर्वार्द्ध के लिए आवेदन** (**UG Part-I and PG Previous**) :- स्नातक पार्ट प्रथम, पी. जी पूर्वार्द्ध तथा अन्य कक्षाओं हेतु फ्रेश परीक्षा फार्म भरने वाले छात्र सम्बन्धित कक्षा का चयन करने के पश्चात् जो आवदेन–पत्र खुलता है, उसमें सभी प्रविष्टियों को अपने स्तर पर भरकर तकनीकी विधि से अपना फोटो तथा हस्ताक्षर स्केन कर परीक्षा आवेदन–पत्र के निर्धारित स्थान पर ।जजंबी करने के पश्चात् प्रिन्ट बटन पर क्लिक करके दो प्रति में परीक्षा आवेदन–पत्र को प्रिन्ट करें।

5. **सम्बन्धित महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी ध्यान रखें कि चयनित वैकल्पिक विषयों का एक बार चयन करने के पश्चात् बाद में किसी भी परिस्थिति में बदलाव संभव नहीं होगा।**

6. **परीक्षार्थी परीक्षा फॉर्म को सावधानी पूर्वक भरें, अन्यथा**
   - (A) स्वयंपाठी परीक्षार्थी के फॉर्म में किसी भी प्रकार की गलती जैसे – नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि, एन्रोलमेन्ट नं. इत्यादि में बाद में संशोधन करवाने पर रूपयें 150/– प्रति गलती परीक्षार्थी द्वारा विश्वविद्यालय में जमा करवाने पर सुधार संभव होगा।
   - (B) सम्बन्धित महाविद्यालय नियमित परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्मो की सावधानी पूर्वक जॉच करलें। अन्यथा किसी भी प्रकार की गलती होने पर रू. 1000 प्रति गलती सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय को अदा करने होगें।

7. (I) ऐसे छात्र जिन्होनें अपनी परीक्षा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर से उत्तीर्ण की है वे अपनी अंकतालिका की सत्यापित कॉपी ऑनलाईन परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी के साथ संलग्न करें।
   - (II) राजस्थान बोर्ड/राजस्थान विश्वविद्यालय के अतिरिक्त परीक्षा उत्तीर्ण परीक्षार्थी अपना मूल प्रवजन प्रमाण–पत्र (माईग्रेशन) एवं मूल अंकतालिका संलग्न करें।
   - (III) बी.सी.ए. पार्ट–प्रथम छात्रों के नामांकन आवेदन पत्र महाविद्यालय के माध्यम से भरवाये जायेगें। अतः उन्हें मूल अंकतालिका व प्रवजन प्रमाण–पत्र आवेदन–पत्र के साथ भेजना अनिवार्य है। इनके अभाव में परीक्षा आवेदन–पत्र निरस्त कर दिये जायेगें।

8. जो छात्र पूर्व में ही विश्वविद्यालय में नामांकित है अर्थात स्नातक पार्ट द्वितीय, तृतीय एवं स्नातकोत्तर उतरार्द्ध के लिए आवेदन करते है, उन्हें अपनी उतीर्ण कक्षा की अकंतालिका की सत्यापित फोटो प्रति परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

9. परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्र आवंटित करने संबंधी सूचना उनके परीक्षा प्रवेश–पत्र में उपलब्ध करायी जायेगी।

10. फ्रेश परीक्षा फार्म भरने वाले छात्र अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम बोर्ड/विश्वविद्यालय की अंकतालिका के अनुसार भरे तथा परीक्षा 2015 के अनुक्रमांक से डाउनलोड करने वाले विद्यार्थियों के उक्त विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि हो तो आवश्यक सुधार स्वयं करें।

11. विश्वविद्यालय अधिनियम 176 के अनुसार उन्ही स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को परीक्षा में सम्मलित होने की अनुमति दी जायेगी जो विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार के जिला – जयपुर एवं दौसा में 2½ वर्ष से अधिक समय से निवास कर रहे हों। इस आशय का प्रमाण पत्र परीक्षा फार्म में यथास्थान प्रमाणित कराना आवश्यक है। **यह प्रमाण–पत्र उन्ही परीक्षार्थियों को देना है जिनका विश्वविद्यालय में नामांकन प्रथम बार होना है।**

12. विश्वविद्यालय अधिनियम 168–ए के अनुसार विद्यार्थी विश्वविद्यालय द्वारा एक वर्ष में आयोजित होने वाली दो मुख्य परीक्षा में सम्मलित नहीं हो सकता।

13. विश्वविद्यालय अधिनियम 193–सी के अनुसार परीक्षार्थी किसी बकाया विषय को एक से अधिक बार में उत्तीर्ण करता है तो स्नातक पार्ट–III में श्रेणी निर्धारण हेतु उस बकाया विषय के न्यूनतम अंक जोड़े जायेंगे।

14. **विश्वविद्यालय में पूर्व से नामांकित छात्र अर्थात् स्नातक पार्ट–प्रथम के पूर्व छात्र तथा पार्ट द्वितीय, तृतीय एवं स्नातकोत्तर उतरार्द्ध के लिए आवेदन (UG Part-I Ex Student and Part II/III and PG Final) : -**

   जो छात्र गत वर्ष इस विश्वविद्यालय की किसी भी परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं, वें सम्बन्धित कक्षा का चयन करने के पश्चात् Proceed कर गत वर्ष दी गई मुख्य परीक्षा 2015 का अनुक्रमांक (Roll No) Enter करें। Roll No. Enter करने के पश्चात् जो परीक्षा आवेदन–पत्र खुलता है, उसमें Name in Hindi, Date of Birth, Postal Address, Pin Code No., Mobile number, email address आदि प्रविष्टियों को भरकर Print पर क्लिक कर दो प्रतियों में Print प्राप्त करें। Printout की समस्त प्रविष्टियों की परीक्षार्थी अपने स्तर पर जाँच कर संबन्धित महाविद्यालय में परीक्षा आवेदन–पत्र एवं जमा परीक्षा शुल्क की मूल प्रति जमा करावे। उन्हें पूर्व में उत्तीर्ण परीक्षा की अकंतालिका की फोटो प्रति परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा। **इस फार्म में नाम, पिता का नाम, माता के नाम, एनरोलमेन्ट आदि में कोई त्रुटि हो तो छात्र स्वयं ठीक करें।** जिन छात्रों के फार्म किसी कारणवश रोल नं. से उपलब्ध नहीं हो सकें, **वे फ्रेश फार्म भरें एवं सम्बन्धित दस्तावेजो की फोटो प्रति संलग्न करें।**

15. जिन छात्रों ने परीक्षा 2015 में पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया है तथा उनका पुनर्मूल्यांकन परिणाम घोषित नहीं हुआ है, ऐसे छात्र जिस कक्षा के लिए पात्रता रखते हैं, उस कक्षा के लिए निर्धारित समय अवधि में ऑनलाईन आवेदन–पत्र प्रस्तुत करें। पुनर्मूल्यांकन के पश्चात् यदि इनका परिणाम परिवर्तित होता है तो परीक्षा फार्म को अगली उच्च कक्षा में परिवर्तित करने के लिए निर्धारित प्रोफार्मा भरकर बकाया शुल्क तथा अंकतालिका की प्रति सहित विश्वविद्यालय में जमा करावे। निर्धारित समय अवधि के पश्चात् परीक्षा आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

16. निम्नलिखित श्रेणी के छात्रों द्वारा वेबसाईट पर फ्रेश फार्म भरना होगाः–
   - (i) समस्त स्नातक (पास/आनर्स) **पार्ट–I**/बी.बी.ए. पार्ट–I (वार्षिक पद्धति)/स्नातकोत्तर (प्रीवियस–वार्षिक पद्धति) नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी तथा बी.सी.ए./बी.एस.सी.(बायोटैक)/होमसाईंस/बी. म्यूजिक/विज्यूअल आर्टस् **पार्ट–I**/समस्त एक वर्षीय सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा/एड ऑन कोर्सेज/स्नातक (एडिशनल) तथा स्नात्तक पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान।

(ii) जो छात्र अन्तराल के कारण गत वर्ष इस विश्वविद्यालय की परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुए हैं, उनका मुख्य परीक्षा 2015 का Roll No नहीं होगा। अतः उन्हें नया आवेदन–पत्र भरना होगा। वे सम्बन्धित कक्षा का चयन करने के पश्चात् जो आवेदन–पत्र खुलता है, उसमें सभी प्रविष्टियों को अपने स्तर पर भरकर Print पर क्लिक कर दो प्रति परीक्षा आवेदन–पत्र की प्रिन्ट करें तथा आवश्यक दस्तावेजो की फोटो प्रति सहित सम्बन्धित महाविद्यालय में जमा करावें।

(iii) श्रेणी बदलकर नियमित/पूर्वछात्र से स्वयंपाठी अथवा स्वयंपाठी से नियमानुसार नियमित परीक्षार्थी के रूप में शामिल होने वाले छात्र।

(iv) विश्वविद्यालय अधिनियम 153–बी (तीन साल का अन्तराल) के तहत स्नातक स्तर में आवेदन करने वाले समस्त परीक्षार्थी– (इस प्रावधान के अनुसार 2012 या उससे पूर्व के वर्षों की परीक्षा में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण छात्र उसी परीक्षा हेतु फ्रेश परीक्षा फार्म भरेगें)। इस नियम के तहत पूर्व में उत्तीर्ण प्रायोगिक विषय की परीक्षा से छूट मिलेगी।

(v) **<u>श्रेणी सुधार–</u>** विश्वविद्यालय अधिनियम 169–ई के तहत स्नातक स्तर की पार्ट– I, II, III परीक्षा–2015 में सम्पूर्ण विषयों में उत्तीर्ण विद्यार्थी उन्हीं विषयों में श्रेणी सुधार हेतु फ्रेश परीक्षा आवेदन पत्र डाउनलोड करें। **इस प्रावधान के तहत प्रायोगिक परीक्षा (यदि कोई हो) भी पुनः देनी होगी।** परीक्षा फार्म के साथ मूल अंकतालिका संलग्न करें।

**17.** समस्त स्नातक (पास/आनर्स) पार्ट– II/III/स्नातकोत्तर (फाईनल–वार्षिक पद्धति) नियमित, पूर्वछात्र एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी तथा बी.सी.ए. (पार्ट– II/III)/बी.पी.ए./विज्यूअल आर्टस् (पार्ट– II/III/IV)/डी.सी.डब्ल्यू.ए. (पार्ट– II/III) तथा बी.एच.एम.सी.टी. के परीक्षार्थी जो विश्वविद्यालय की परीक्षा 2015 में सम्मिलित हुये थे उनके परीक्षा फार्म वेबसाईट पर उनके पुराने अनुक्रमांक (रोल नं.) से उपलब्ध होगें। बी.बी.ए. सेमेस्टर – I (ड्यू पेपर), बी.बी.ए. सेमेस्टर– III, V (मुख्य एवं ड्यू) परीक्षा दिसम्बर–2015 के परीक्षा फॉर्म गत सेमेस्टर के रोल नम्बर से उपलब्ध होगें।

**18.** स्नातक कला में वैकल्पिक विषय के रूप में तीन साहित्य विषय तथा तीन प्रायोगिक विषय चयन करने की अनुमति नहीं है। हिन्दी साहित्य के साथ उर्दू एवं संस्कृत के साथ परसियन विषय का चयन नहीं कर सकते हैं।

**19.** पुरूष परीक्षार्थियों को गृह–विज्ञान वैकल्पिक विषय के रूप में चयन करने की अनुमति नहीं दी जावेगी।

**20.** स्वयंपाठी परीक्षार्थीयों को निम्नलिखित विषयों में परीक्षा में बैठने हेतु अनुमति नहीं दी जावेगीः– टैक्सटाईल क्राफ्ट, इन्वेस्टिगेटिव बायोटेक्नोलॉजी, शीप एवं वूल, लाइव स्टॉक एण्ड डेयरिंग, टैक्सटाईल ड्रोईंग एण्ड पेंटिंग, फॉरेस्ट रिसोर्सेज एण्ड देयर यूटीलाईजेशन, रूरल डवलपमेन्ट, ड्राईंग एण्ड पेटिंग, सिन्धी, फ्रेन्च, जर्मन, रशियन, फिजीकल एज्यूकेशन, ड्रामेटिक्स, जियोलॉजी एण्ड माइनिंग, एन्थ्रोपॉलोजी, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान तथा मॉस कम्यूनिकेशन (अधिनियम 175)। बी.ए. (आनर्स) पाठ्यक्रम स्वयंपाठी छात्रों के लिए चयन की अनुमति नहीं है।

**21.** एम.ए./एम.एससी. (वार्षिक पद्धति) भूगोल तथा गणित विषय में भी विद्यार्थी स्वयंपाठी के रूप में परीक्षा फार्म भर सकते है।

**22.** **<u>श्रेणी/अंक</u> सुधार हेतु स्नातकोत्तर (वार्षिक पद्धति) परीक्षार्थियों के लिये प्रावधान :–**

(i) विश्वविद्यालय अधिनियम 169–ई–(i) के तहत स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध/उतरार्द्ध (वार्षिक पद्धति) परीक्षा–2015 में उत्तीर्ण परीक्षार्थी जो श्रेणी/अंक सुधार हेतु आवेदन करना चाहते है उन्हें (सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक प्रश्न–पत्र) सभी प्रश्न–पत्रों में आवेदन करने के लिये **फ्रेश फार्म डाउनलोड़ करना होगा।**

(ii) विश्वविद्यालय अधिनियम 169–ई–(ii) – स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध/उतरार्द्ध (वार्षिक पद्धति) परीक्षा–2015 में उत्तीर्ण परीक्षार्थी, एक या अधिकतम दो प्रश्न–पत्र में अंक सुधार हेतु आवेदन कर सकते है। उत्तरार्द्ध में उत्तीर्ण परीक्षार्थी **फ्रेश फार्म डाउनलोड़ करें।**

(iii) विश्वविद्यालय अधिनियम 169–डी – राजस्थान विश्वविद्यालय से पिछले वर्षो में स्नातकोत्तर उत्तीर्ण विद्यार्थी उन्हीं विषयों में इस अधिनियम के तहत पूर्वार्द्ध और उतरार्द्ध के सभी विषयों में एक साथ श्रेणी सुधार हेतु परीक्षा में बैठना चाहते हैं, वे **फ्रेश फार्म डाउनलोड़ करें।**

(iv) एम.ए./एस.एस.सी. के नियमित परीक्षार्थी को अनुत्तीर्ण रहने पर पूर्वछात्र के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा। ऐसे परीक्षार्थियों को सभी सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक प्रश्न–पत्रों में पुनः प्रविष्टि हेतु आवेदन करना होगा।

(v) विश्वविद्यालय अधिनियम 179 – राजस्थान विश्वविद्यालय के अलावा अन्य मान्य विश्वविद्यालय से पिछले वर्षो में एम.ए./एम.कॉम. में उत्तीर्ण विद्यार्थी उन्हीं विषयों में इस अधिनियम के तहत प्रीवियस और फाईनल के सभी विषयों में एक साथ श्रेणी सुधार हेतु परीक्षा में स्वयंपाठी के रूप में बैठना चाहते हैं, वे **फ्रेश फार्म डाउनलोड़ करें।**

(vi) इन प्रावधानों के तहत <u>श्रेणी/अंक</u> सुधार हेतु परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने वाले परीक्षार्थियों के लिए वर्तमान पाठ्यक्रम (Syllabus) लागू होगा।

**23.** **विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त समस्त महाविद्यालयों की सूची एवं गत वर्ष के स्वयंपाठी परीक्षा केन्द्रों की सूची वेबसाईट पर उपलब्ध है। परीक्षार्थीयों को विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्र आवंटित करने सम्बन्धी सूचना उनके प्रवेश पत्र पर उपलब्ध कराई जायेगी।**

**24.** ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने सम्बन्धी समस्त जानकारियाँ जैसे दिशा निर्देश, परीक्षा फीस का विवरण एवं महाविद्यालयों संबंधी सूचना वेबसाइट **<u>www.uniraj.ac.in</u>** एवं **<u>www.unirajexam.in</u>** पर उपलब्ध है। परीक्षार्थी पूर्ण रूपेण सही भरे हुये परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी दो प्रतियों में परीक्षा फीस की रसीद सहित, अन्तिम तिथी से अगले दो कार्य दिवस में सम्बन्धित महाविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करायें। ऐसे छात्र जो ई–मित्र के माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात् निर्धारित समय सीमा में परीक्षा फार्म संबंधित महाविद्यालय में जमा नहीं कराते हैं, उन्हें सिर्फ परीक्षा शुल्क जमा कराने के आधार पर परीक्षा में सम्मिलित होने की स्वीकृति नहीं दी जाएगी। **<u>शुल्क जमा कराने के पश्चात किसी भी परिस्थिति में शुल्क लौटाया नहीं जायेगा।</u>**

25. परीक्षा 2016 के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क, स्पोर्टस बोर्ड शुल्क एवं विकास शुल्क निम्नानुसार है:–

### I- FEE PAYABLE FOR UG COURSES EXAM. 2016

| S.No. | Name of Exam | Regular | Ex. Student | Non-Collegiate |
|---|---|---|---|---|
| 1 | B.A./B.Sc./B.Com/BCA/BBA (Ex)/B.Sc. (Bio-Tech)/B.Sc. Home Sc. /Hons/BVA/B.Mus. Pt-I and Add-On Certificate (If already enrolled) | 900/- | 1100 | 1600/- |
| 2 | B.A./B.Sc./B.Com/BCA/B.Sc. (Bio-Tech)/B.Sc. Home Sc. /Hons/BVA/BPA Pt-I (If not enrolled) | 1300/- (Including Enrl. 200 +Elg.200) | 1100 | 2000/- (Including Enrl. 200 +Elg.200) |
| 3 | B.A./B.Sc./B.Com/BCA/BBA (Ex)/B.Sc. (Bio-Tech)/B.Sc. Home Sc. /Hons/BVA/B.Mus. Pt-II and Add-On Diploma | 900/- | 1100/- | 1700/- |
| 4 | B.A./B.Sc./B.Com/BCA/BBA/B.Sc. (Bio-Tech)/B.Sc. Home Sc. /Hons/BVA/B.Mus. Pt-II (With due paper of Pt-I) | 1200/- | 1500/- | 2400/- |
| 5 | B.A./B.Sc./B.Com/BCA/BBA/B.Sc. (Bio-Tech)/B.Sc. Home Sc. /Hons/BVA/B.Mus./BPA Pt-III/IV/B.A./B.Com/B.Sc. Additional and Add-On Post Diploma (If already enrolled) | 1300/- | 1500/- | 2100/- |
| 6 | B.A./B.Com/B.Sc. Additional (If not enrolled) | .. | .. | 2500/- (Including Enrl. 200 +Elg.200) |
| 7 | B.A./B.Sc./B.Com/BCA/BBA/B.Sc. (Bio-Tech)/ B.Sc. Home Sc. Pt-III **(Ord. 169 E)** | - | 1700/- | 2100/- |
| 8 | B.A./B.Sc./B.Com/BCA/BBA/B.Sc. (Bio-Tech)/ B.Sc. Home Sc. /Hons/BVA/B.Mus. Pt-III/IV **(With due paper of Pt-I)** | 1630/- | 1900/- | 2900/- |
| 9 | B.A./B.Sc./B.Com/BCA/BBA/B.Sc. (Bio-Tech)/ B.Sc. Home Sc. /Hons/BVA/B.Mus. Pt-III/IV **(With due paper of Pt-II)** | 1650/- | 1950/- | 3000/- |
| 10 | B.A./B.Sc./B.Com/BCA/BBA/B.Sc. (Bio-Tech)/ B.Sc. Home Sc. /Hons/BVA/B.Mus. Pt-III **(With due paper of Pt-I & II)** | 1950/- | 2250/- | 3700/- |
| 11 | BVA/B.Mus. Pt-IV **(With due paper of Pt-I, II & III)** | 2000/- | 2200/- | - |
| 12 | Fees for Physically Challenged Students **(for above all categories)** | 250/- | 300/- | 600/- |

### II- FEE PAYABLE FOR PG COURSES EXAM. 2016

| S.No | Name of Exam | Regular | Ex-Student | Non-Collegiate |
|---|---|---|---|---|
| 1 | M.A./M.Sc./M.Com (Prev.)/All (PG) Diploma and DCWA **(If already Enrolled)** | 1150/- | 1300/- | 1900/- |
| 2 | M.A./M.Sc./M.Com (Prev.) and All (PG) Diploma **(If Not Enrolled)** | 1550/- (Including Enrl. 200+Elg.200) | -- | 2300/- (Including Enrl. 200+Elg.200) |
| 3 | M.A./M.Sc./M.Com.(Final)/Addl/DCWA Pt-II/III/ **Ord. 169/E-(1)/0.215/0.238/0.250** | 1450/- | 1600/- | 2450/- |
| 4 | M.A./M.Sc./M.Com.(Final) (With due papers of Prev. /**Ord.169-E(ii)** | 1850/- | 2000/- | 3400/- |
| 5 | M.A./M.Sc./M.Com.(Final) (Due Papers of Final only) | -- | 1150/- | 1900/- |
| 6 | M.A./M.Sc./M.Com.(Final) (Due Papers of Prev. only) | -- | 1100/- | 2300/- |
| 7 | M.A./M.Sc./M.Com. (Under Ord. 169-D) | -- | 2600/- | 3400/- |
| 8 | M.A./M.Sc./M.Com. (Under Ord. 179) | -- | -- | 3500/- |
| 9 | Fees for Physically Challenged Students (for above all categories) | 400/- | 450/- | 650/- |

### III- FEE PAYABLE FOR PROFESSIONEL COURSES EXAM. 2016

| S.No. | Name of Exam | Regular | Ex-Student |
|---|---|---|---|
| 1 | Certificate Course in Yoga Edu./D.Lib. & Info. Sc. | 1000/- | 1050/- |
| 2 | B.Lib. & Info. Sc. | 1300/- | 1400/- |
| 3 | B.P.Ed. | 2100/- | 2200/- |
| 4 | M.J.M.C. (Previous) | 1300/- | 1300/- |
| 5 | M.J.M.C. (Final)/P.G. Dip. In Yoga Ed./P.G. Dip. In Dramatics | 1400/- | 1400/- |
| 6 | Fees for Physically Challenged Students (for above all categories) | 400/- | 450/- |

**IV-Candidate Not Enrolled with the University will have to pay the following fees**

| S.No. | Enrollment Fee & Eligibility Fee | Fee |
|---|---|---|
| 1 | **Enrollment Fee** | Rs. 200/- |
| 2 | **Eligibility Fee** (For those candidates who have passed their qualifying exam. from other than the Board of Sec. Edu. Rajasthan) | Rs. 200/- |

**V- FEE PAYABLE FOR PG SEMESTER SCHEME (INCLUDING GRADING SYSTEM) EXAM. 2016**

| S.No. | Name of Exam | Exam. fee 2015-16 |
|---|---|---|
| 1 | M.A./M.Sc./M.Com./M.C.A/Dual degree M.Tch., C.T./MJMC/M.Lib.Sc./M.P.Ed./M.Ed./LL.M. (I-Semester) | 1200/- |
| 2 | M.A./M.Sc./M.Com./M.C.A/Dual degree M.Tch., C.T./MJMC/M.Lib.Sc./M.P.Ed./M.Ed./LL.M. (II-Semester) | 1200/- |
| 3 | M.A./M.Sc./M.Com./M.C.A/Dual degree M.Tch., C.T./MJMC/M.P.Ed./M.Ed./LL.M. (III-Semester) | 1400/- |
| 4 | M.A./M.Sc./M.Com./M.C.A/Dual degree M.Tch., C.T./MJMC/M.P.Ed./M.Ed./LL.M. (IV-Semester) | 1450/- |
| 5 | M.A./M.Sc./M.Com./M.C.A/Dual degree M.Tch., C.T. (V-Semester) | 1450/- |
| 6 | M.A./M.Sc./M.Com./M.C.A/Dual degree M.Tch., C.T. (VI-Semester) | 1450/- |
| 7 | Dual degree M.Tch., C.T. (VII-Semester) (First time in Session 2014-15) | 1600/- |
| 8 | Dual degree M.Tch., C.T. (VIII-Semester) (First time in Session 2014-15) | 1600/- |
| 9 | Dual degree M.Tch., C.T. (IX-Semester) (First time in Session 2015-16) | 1800/- |
| 10 | Dual degree M.Tch., C.T. (X-Semester) (First time in Session 2015-16) | 2000/- |

**VI- FEE PAYABLE FOR B.B.A. SEMESTER SCHEME EXAM. 2016**

| S.No. | Name of Exam | Regular | Ex-Student |
|---|---|---|---|
| 1 | B.B.A. I-Semester | 1200/- | 1500/- |
| 2 | B.B.A. II-Semester | 1200/- | 1500/- |
| 3 | B.B.A. III-Semester | 1200/- | 1500/- |
| 4 | B.B.A. IV-Semester | 1200/- | 1500/- |
| 5 | B.B.A. V-Semester | 1200/- | 1500/- |
| 6 | B.B.A. VI-Semester | 1200/- | 1500/- |
| 7 | For one due Paper | 600/- | 700/- |
| 8 | For more then one due Paper | 1200/- | 1200/- |
| 9 | For Handicapped Students Only | 320/- | 610/- |

**नोटः–**

(i) प्रत्येक नियमित छात्र द्वारा विकास शुल्क रू. 50/- तथा स्पोटर्स् बोर्ड शुल्क रू. 50/- संबंधित महाविद्यालय को उपरोक्तानुसार दर्शाए परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त पृथक से देय होगा।

(ii) शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई/आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क की छूट है। इस संबधं में कनिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र जो कि मेडीकल ऑफीसर से प्रति हस्ताक्षरित हो, आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। अन्य निर्धारित शुल्क देय होगा।

(iii) विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त संबन्धित महाविद्यालय द्वारा अन्य कोई शुल्क परीक्षार्थियों से नहीं लिया जावे।

—Sd—
**परीक्षा नियंत्रक**

क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक/परीक्षा–2016/15377–15426 दिनांकः 24.11.2015

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. समस्त निदेशक/विभागाध्यक्ष/प्राचार्य संघटक महाविद्यालय/प्राचार्य सम्बद्ध महाविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
2. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर/छात्र परामर्श केन्द्र, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति एवं परीक्षा केन्द्र सूची को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
3. प्रशासनिक सचिव, कुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. वित्त नियत्रंक एवं वित्तिय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
5. सचिव, सूचना प्रोधौगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान सरकार, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर।
6. प्रबन्ध निदेशक, MD, RISL, राजस्थान सरकार, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर।
7. प्रबन्धक, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक, विश्वविद्यालय कैम्पस, जयपुर।
8. समस्त उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
9. निजी सचिव, कुलपति/कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
10. निजी सचिव, परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
11. समस्त अनुभाग अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
12. संम्बन्धित कम्प्यूटर फर्म।

24/11/15
**उप कुलसचिव (परीक्षा)**